हिन्दी साप्ताहिक

# आवाज़ 24X7 इंडिया

वर्ष–01 अंक–01 रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) मंगलवार 01 अगस्त 2023 पृष्ठ– 4 मूल्य– 1 रुपये

## आसमान से बरसी आफत में चार आवासीय भवन क्षतिग्रस्त

### सात मवेशी मलबे में जिंदा दफन

**टिहरी।** टिहरी जनपद में देर रात से हुई मूसलाधार बारिश के कारण भिलंगना विकासखंड का दूरस्थ कोट गांव में आवासीय भवनों के पीछे से भारी भूस्खलन होने से चार मकान मलबे की चपेट में आ गए जिससे दो मकान पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गए और दो घरों के छत में मलवा आने के कारण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए है। भूस्खलन के कारण ध्वस्त हुए भवनों के अंदर ग्रामीण गोपाल लाल और नंदलाल के सात मवेशी मलबे में जिंदा दफन हो गए गनीमत यह रही कि समय रहते मकानों में निवासरत सभी लोगों ने भागकर अपनी जान बचा ली जिससे एक बड़ी अनहोनी होने से बच गई। सूचना मिलते ही आपदा राहत और बचाव दल सहित प्रशासन मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में लगा हुआ है। हादसे की जानकारी देते हुए राजस्व उपनिरीक्षक गब्बर सिंह ने बताया कि ग्रामीण गोपाल लाल, देवदास व दो और ग्रामीणों को बहुत अधिक नुकसान हुआ है दोनों के मकान ध्वस्त हो गए है। घर टूट जाने के कारण कमरे के अंदर बंधे सात पालतू पशुओं की भी मलबे में दबकर मौत हो गई है। साथ ही अत्यधिक मलवा आने के कारण ग्रामीण सुंदर सिंह और उम्मेद सिंह के घर भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।भारी बारिश के कारण बूढ़ा केदार सड़क मार्ग जगह–जगह बंद होने और चानी गदेरे के ऊफान पर आने से प्रशासन और राहत बचाव की टीम को कोटगांव पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।मौके पर गए एसडीएम के0एन0 गोस्वामी ने बताया कि जो परिवार अधिक प्रभावित हुए है उनको गांव में दूसरी जगह शिफ्ट कर लिया गया हैं। साथ ही मृत मवेशियों के शवों को दफनाने के लिए दोनों नगर पंचायतो से टीम बुला दी गई है। एसडीएम ने बताया कि कोट गांव आपदा की दृष्टि से काफी संवेदनशील है जिसका भू सर्वेक्षण करने के लिए टीम भेजी जाएगी। जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों की पुनर्वास की कार्यवाही की जाएगी ।

### हर वर्ष रुलाती है कोट गांव को आपदा

वर्ष 2000 में भी कोट गांव के ऊपर बादल फटने की घटना से दो लोगों को जान गवानी पड़ी थी फिर वर्ष 2019 में दो घरों के पीछे भारी मात्रा में भूस्खलन होने से एक ही परिवार के छः लोगो को अकाल मौत का शिकार होना पड़ा था। जिसमें बच्चे भी शामिल थे और फिर बुधवार कि सुबह फिर घरों के पीछे भूस्खलन होने से सात मवेशियों को जान गंवानी पड़ी है। शुक्र है कि मलवा आने की घटना सुबह के वक्त की थी रात्रि के समय होता तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

## नीति आयोग की तर्ज पर उत्तराखंड में (सेतु) का गठन

◆ सेतु को राज्यपाल की मंजूरी के बाद सचिव ने जारी किये निर्देश, कांग्रेस ने जताया विरोध

**देहरादून।** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव से पहले धामी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत राज्य योजना आयोग को समाप्त कर दिया है। अब सशक्त उत्तराखंड /2025 के लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में नीति आयोग की तर्ज पर स्टेट इंस्टीटयूट फार एंपावरिंग एंड ट्रांसफार्मिंग उत्तराखंड (सेतु) का गठन किया गया है जिसे राज्यपाल से भी मंजूरी मिल चुकी है। बता दें कि हाल ही में धामी कैबिनेट ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। जिसके बाद सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। सेतु प्रदेश सरकार की नीति व नियोजन में थिंक टैंक की तरह काम करेगा। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। साथ ही नियोजन मंत्री उपाध्यक्ष और तीन सलाहकार भी नियुक्त होंगे। विशेषज्ञ और तकनीकी निकाय में उपाध्यक्ष नियोजन मंत्री या फिर मनोनीत मंत्री होंगे। इसके साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति खुले बाजार से होगी। इस पद का मानदेय चार लाख रुपये प्रतिमाह है। छह सलाहकारों की नियुक्ति आउटसोर्स या फिर खुले बाजार से होगी वहीं विपक्ष ने सेतु आयोग बनाए जाने पर सवाल उठाए हैं।

## परमार्थ निकेतन के नाम से लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

### पौड़ी पुलिस की साइबर ठगों पर सख्त कार्यवाही, 15 संदिग्ध बैंक खाते फ्रीज, 03 फर्जी वेबसाइट व 05 फ्राड मोबाईल नम्बर करवाये ब्लाक

**पौड़ी।** रामानन्द तिवारी निवासी–मैनेजर स्वामी सुखदेवानन्द, ट्रस्ट परमार्थ निकेतन द्वारा 15 अप्रैल को थाना लक्ष्मण झूला पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा परमार्थ निकेतन के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर आनलाइन कमरा बुक करने पर विभिन्न बैंक खातों में धनराशि जमा करा कर आनलाइन धोखाधड़ी व ठगी की गयी है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना लक्ष्मण झूला थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेती चौबे द्वारा धोखाधड़ी की घटना को गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्त की जल्द गिरफ्तारी के लिए टीम गठित करने के लिए आदेशित किया गया। जिसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर चन्द्र सुयाल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी आपरेशन विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मणझूला, प्रभारी सीआईयू व प्रभारी साइबर सेल के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त द्वारा आनलाइन बुकिंग हेतु उपलब्ध कराए गए मोबाइल नम्बर व दिए गए फर्जी अकाउन्ट नम्बरों की जाँच की गईद्य जिसमें अभियुक्त द्वारा फर्जी अकाउन्ट नम्बरों पर कई व्यक्तियों व श्रद्धालुओं से कमरे बुक कराये जाने के नाम पर पैंसे जमा कर धोखाधड़ी की गयी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी द्वारा की गई।पुलिस टीम द्वारा राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली आदि स्थानों पर जाकर बैंकों के एटीएम चौक किये गये तथा बैंकों से की गई ट्रांजैक्शन के आधार पर अभियुक्त की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम उक्त स्थानों के एचडीएफसी बैंक आनंद लोक साउथ दिल्ली के एटीएम पर एक संदिग्ध व्यक्ति धनराशि निकालता हुआ दिखाई दिया, व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए गए। गठित टीम द्वारा अभियुक्त को 26 जुलाई को जामिया मिलिया दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अभियोग में संलिप्त अन्य वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। घटना के अनावरण होने पर परमार्थ निकेतन के पदाधिकारियों द्वारा पौड़ी पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।जांच के दौरान अभियुक्त द्वारा अभी तक विभिन्न बैंकों के सात बैंक खातों का प्रयोग कर इसी तरह धोखाधड़ी किया जाना प्रकाश में आया है। मात्र 10 दिन में लगभग 35 लाख का ट्रांजेक्शन किया गयाद्य जिस पर पौड़ी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उपरोक्त बैंक खातों सहित अन्य 15 बैंक खातों को संदिग्ध लेनदेन के मध्यनजर फ्रीज कराया गया है। साथ ही साइबर सेल द्वारा उपरोक्त प्रकार की 03 फर्जी वेबसाइट व 05 फ्राड मोबाईल नम्बरों को ब्लाक करवाने की कार्यवाही की गई है।

## पार्टी आलाकमान ने वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह और गौतम नौटियाल को दी बड़ी जिम्मेदारी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस से दूसरी बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां प्रीतम सिंह को छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी देने के बाद अब पार्टी आलाकमान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरजीत सिंह और गौतम नौटियाल को राष्ट्रीय सोशल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय समन्वयक की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।आपकों बता दें कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमरजीत ने कहा कि राष्ट्रीय सोशल मीडिया विभाग में राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में जिम्मेदारी मिलने पर राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय सोशल मीडिया अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत, रुचिरा चतुर्वेदी, वैभव वालिया एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत सहित सभी शीर्ष नेताओं का हार्दिक आभार जताया।उन्होंने कहा



कि आप सभी ने मुझ पर जो विश्वास जताते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मैं उत्तराखंड कांग्रेस का मान बढ़ाने का कार्य करूंगा और एकजुटता के साथ कांग्रेस को मजबूत करने में अपना पूर्ण योगदान दूंगा।कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म विभाग में नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त होने पर अमरजीत सिंह और गौतम नौटियाल को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आप दोनों अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

## 9.80 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**सितारगंज।** पुलिस ने 9.80 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई विक्रम सिंह धामी, बलवंत सिंह, विनीत कुमार ने नकटपुरा चौराहे के समीप चौकिंग अभियान चलाया। एक बाइक सवार बाइक मोड़कर लौटने लगा। पुलिस ने संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोक लिया। तहलाशी में उसके पास स्मैक बरामद हुई। एसआई को पूछताछ में उसने अपना नाम चांद बाबू हाल निवासी बाईपास कालोनी सितारगंज तथा स्थायी निवासी शेर मोहम्मद पीलीभीत बताया। चांद बाबू ने पुलिस को बताया कि पन्नी में स्मैक है उसे बेचने के लिये सितारगंज के आरि से लाया था। छह पुड़िया बेच दी है 200 रुपये प्रति पुड़िया के दाम से 1200 रुपये मिले है। पुलिस ने 1200 रुपये की बरामदगी भी कर ली। पुलिस ने बाइक भी सीज कर दी।

## ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद कार में फंस गए छात्र

### कड़ी मशक्कत के बाद निकाले गए बाहर, एक की मौत

**हरिद्वार।** देहरादून–दिल्ली हाईवे में भीषण हादसा हो गया। यहां गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्रें की कार अनियंत्रित हो गई और ट्राली के अंदर घुस गई। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि तीन घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, घटना देर रात की है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में बीएएमएस चतुर्थ वर्ष के छात्र हिमांशु मेहर निवासी लामाचौड़ हल्द्वानी, दिग्विजय सिंह निवासी बड़कोट उत्तरकाशी, सुधांशु कुमार निवासी ग्राम विजय नगला, नूरपुर बिजनौर और कुलदीप कुमार निवासी नयाली काशीपुर, जिला सहारनपुर कार से बहादराबाद की तरु से लौट रहे थे। ज्वालापुर क्षेत्र में हरिलोक तिराहे के पास




पहुंचते ही उनकी कार एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई।इस दौरान कार का आधा हिस्सा ट्राली के नीचे घुस गया। चीख–पुकार सुनकर राहगीर रुक गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और कार के अंदर से छात्रें को बाहर निकाला। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि हिमांशु मेहर की मौत हो गई और तीन घायल हैं। जिसमें दिग्विजय सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है।

## पहाड़ में बंजर भूमि का दायरा घटेगा तो इससे मोटा अनाज उत्पादन बढ़ाने में मिलेगी मददः जोशी

नैनीताल। पहाड़ में बंजर भूमि का दायरा घटेगा तो इससे मोटा अनाज उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार ने बंजर भूमि आबाद करने की दिशा में कदम



बढ़ाते हुए चकबंदी लागू करने का निर्णय लिया है। यह बात नैनीताल पहुंचे कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कही।दो दिवसीय दौरे पर नैनीताल पहुंचे कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य आंदोलन के दौरान मडुवा, झिंगोरा खाएंगे, उत्तराखंड बनाएंगे का नारा था, जिसे सरकार ने अब मडुवा झिंगोरा उगाएंगे, आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाएंगे कर दिया है। मिड डे मील में मडुवा शामिल है तो राष्ट्रीय खाद्य कार्यक्रम के अंतर्गत कार्ड धारक को एक किलो मडुवा दिया जा रहा है।जोशी ने कहा कि आपदा के दौरान पहाड़ी क्षेत्रों में काश्तकारों को काफी नुकसान हुआ है। ऐसे में सर्वे कर किसानों को हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि दिसंबर में प्रदेश के सैन्य धाम का लोकार्पण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने की उम्मीद है। राज्य में परंपरागत व जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा प्रदेश में 61 हजार स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 4,61,000 माता–बहनें किसानों के घर जाकर मोटा अनाज खरीदेंगी। इससे पूर्व नैनीताल क्लब में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पिथौरागढ़ समेत उत्तराखंड के अन्य जिलों में हुए उद्यान घोटाले के मामले पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया सरकार घोटाले को लेकर सख्त है। पेपर लीक मामला हो या अन्य घोटाले अब तक सरकार ने 80 अधिक लोगों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेजा है। उद्यान विभाग में हुए घोटाले पर जिम्मेदार व्यक्ति को निलंबित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घोटाले में पूर्ण रूप से दोषी पाए जाने पर उससे रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

## सीआरपीएफ के रिटायर्ड जवान ने लगाई सरयू में छलांग, रेस्क्यू टीम ने बरामद किया शव

**बागेश्वर।** बागेश्वर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। अज्ञात कारणों के चलते सीआरपीएफ के रिटायर्ड सैनिक ने अचानक सरयू नदी में छलांग लगा दी। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने बुजुर्ग का शव बरामद कर लिया है।जानकारी के अनुसार, 70 वर्षीय बुजुर्ग रघुवीर सिंह बिष्ट सुबह करीब नौ बजे घर से निकले थे और अचानक सरयू नदी में कूद गए। स्थानीय लोगों ने जैसे ही बुजुर्ग को कूदते हुए देखा उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी।रेस्क्यू टीम ने सरयू नदी से बुजुर्ग का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि फिलहाल बुजुर्ग के नदी में कूदने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# बीमारियों के चलते अस्पतालों में बढ़ी रोगियों की संख्या

**सरकारी और निजी अस्पतालों में फंगल, बैक्टीरियल, वायरल इन्फेक्शन, उल्टी-दस्त, खांसी-जुकाम के पहुंच रहे है मरीज**

हल्द्वानी। बीमारियों के चलते अस्पतालों में रोगियों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी और निजी अस्पतालों में फंगल, बैक्टीरियल, वायरल इन्फेक्शन, उल्टी-दस्त, खांसी-जुकाम के मरीज पहुंच रहे हैं। हालत यह है कि बेस अस्पताल की ओपीडी 1400 तक पहुंच गई, जबकि सामान्य दिनों में 900 तक ओपीडी होती है। मेडिकल कालेज के अधीन सुशीला तिवारी अस्पताल में भी बड़ी संख्या उल्टी-दस्त और पीलिया की शिकायत सामने आ रही है। स्किन इन्फेक्शन भी बच्चों में इन दिनों काफी बढ़ गया है। गर्मी और नमी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ रही है, क्योंकि बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है।एचटीएच के त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डा. सौरभ अग्रवाल ने सबसे अधिक हो रहा है। इन्फेक्शन के रोजाना औसतन 50 मामले सामने आ रहे हैं, पहले 20 तक होते थे। इन्फेक्शन की वजह बगल और जांघों में पसीना और मौसम में नमी आदि है। त्वचा इन्फेक्शन में भी साबुन का इस्तेमाल बंद न करें।वहीं, बेस अस्पताल की फिजिशियन डा.



में रोगी उपचार के लिए पहुंचे।मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने बताया कि दो दिन पहले 1600 की ओपीडी थी जबकि सोमवार को करीब 1800 तक रोगी उपचार के लिए पहुंचे। इसमें वायरल फीवर, आई फ्लू के रोगी शामिल हैं। एसटीएच के बाल रोग विभागाध्यक्ष डा. ऋतु रखोलिया ने बताया कि आम दिनों में ओपीडी 60 तक रहती थी, वहीं अब 120 तक पहुंच रही है। हेपेटाइटिस, टाइफाइड, दस्त, वायरल फीवर, सर्दी, खांसी और इन्फेक्शन वाले मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बच्चों में बताया कि फंगल, बैक्टीरियल और वायरल इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। फंगल इन्फेक्शन विनीता निखुर्पा ने बताया कि विभिन्न इन्फेक्शन, मच्छर जनित रोग, डायरिया और स्किन एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। बुखार के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। पहले तक ओपीडी में रोजाना 900 तक मरीज आते थे, वहीं अब ओपीडी में मरीजों की संख्या 1400 तक पहुंच रही है।फिजिशियन डा. नीलांबर भट ने बताया कि खांसी, जुकाम, वायरल फ्लू, त्वचा रोग, एलर्जी और मच्छर जनित रोगों के मरीज अधिक आ रहे हैं। जून के मुकाबले जुलाई में बुखार के मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत तक अधिक रही।

**ये सावधानियां बरतें**

- साफ पानी पीएं
- हाथ धोते रहें
- ताजा खाना खाएं
- जंक फूड न खाएं
- रोजाना दो बार नहाएं
- सूती कपड़े पहनें
- साबुन इस्तेमाल करें
- ढीले कपड़े पहनें
- बारिश में भीगे तो कपड़े बदल लें।

# एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने मन्दिर में सुन्दरकांड पाठ कर मनाया स्थापना दिवस

हल्द्वानी।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक रुपेन्द्र नागर के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से संस्था के सातवें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी प्राचीन श्री राम मन्दिर में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण कर संस्था का सातवाँ भारतहित में कार्य करते रहें जिससे हम सभी एक साथ मिलकर अपने भारत देश को जल्द से जल्द विश्व गुरु बना सकें और एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था भगवान के आशीर्वाद से भविष्य में आगे भी कई हजार गुना तेजी से समाजहित एवं भारतहित में हमेशा कार्य करती रहेगी क्योंकि लोकमंगल कार्य ही संस्था का महामंत्री चिरौंजी लाल सचिव नन्दकिशोर आर्या कोषाधयक्ष बलराम हालदार योगा प्रभारी धार्मा कुमारी बिष्ट मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार मार्गदर्शक विपिन चन्द पाण्डेय आरपी सिंह विनीत अग्रवाल खेमराज साहू पूजा लटवाल अलका जीना उमाकांत उपाध्याय पीयूष शर्मा आशा शुक्ला रितिक साहू प्रीति



स्थापना दिवस मनाया।इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था मार्गदर्शक खेमराज साहू संरक्षक हरीश चन्द पाण्डेय ने संयुक्त रूप से कहा की जिस दिन से एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की स्थापना हुई है उस दिन से ही संस्था समाजहित एवं भारतहित में लगातार कार्य कर रही है क्योंकि सुख समृद्धि एवं शांति से परिपूर्ण जीवन के लिए सदाचारी होना ही पहली शर्त है जो उत्कृष्ट विचारों के बिना संभव नहीं है हमें यह दुर्लभ मानव जीवन किसी भी कीमत पर निरर्थक और उद्देश्यहीन नहीं जाने देना चाहिए लोकमंगल की कामना ही हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए और हम भगवान से प्रार्थना करते हैं की भगवान हम सब को हमेशा इतनी शक्ति प्रदान करते रहें की हम सभी संस्था के द्वारा हमेशा दृढ़ संकल्प शक्ति सच्ची निष्ठा आस्था के साथ समाजहित एवं उद्देश है।संस्था के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का प्राचीन श्री राम मन्दिर के पंडित विवेक शर्मा जी सहित उनकी टीम ने किया।इस दौरान शुभकामनाएं देने में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी भाजपा नेता शंकर कोरंगा कांग्रेस युवा प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त कुमार साहू कांग्रेस युवा प्रदेश महामंत्री राधा आर्या भाजपा महिला प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा भाजपा महिला जिला अध्यक्ष अलका जीना भाजपा युवा जिला महामंत्री कनिष्ठ ढींगरा भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष विजय मनराल भाजपा नेता मनीष पाल रविंद्र बाली आदि लोग उपस्थित है।इस दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने में संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय रुपेन्द्र नागर उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू आर्या रिंकी गुप्ता बरखा शर्मा सीता साहू पूजा जोशी जानकी रैगाई पूर्णिमा रजवार सुनीता तिवारी चंपा त्रिपाठी सूरज कुमार दीपक कुमार रोहतास प्रजापति अभिषेक साहू कमलेश आर्या योगेश कुमार सूरज मिस्त्री मोहित यादव निखिल साहू ममता रावत पूनम गुप्ता पुलकित कुमार नन्दकिशोर आर्या गोविन्द मिस्त्री रेखा साहू काजल खत्री मोहिनी देवी निकिता साहू लक्ष्मी हालदार नीतू रौतेला अंशिका साहू शौफाली जायसवाल चेतना लटवाल कंचन जोशी मंजू शाह युवराज गुप्ता अमन कुमार मनीष साहू रवि गुप्ता संदीप यादव अशोक कुमार वाल्मीकि खेमराज सिंह रोहित भंडारी अमित गोस्वामी रोहित देव सुशील राय जानकी कश्यप राबिन भारती अजय कुमार मुकेश बिष्ट प्रियांशु आर्या निलेश गुप्ता संजीव शर्मा प्रभाकर आर्या विवेक बिष्ट मुकेश कुमार आकाश कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# लाखों की चोरी की दो घटनाओं का खुलासा,चार शातिर गिरफ्त में

**काशीपुर।** चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातर चोरों को पुलिस ने गिर“तार कर चोरी की दो घटनाओं का खुलासा कर चोरी हुआ बाल भी बरामद किया है। बता दें 29 जुलाई को कार्तिक यादव पुत्र देवेन्द्र यादव निवासी नई सब्जी मण्डी शद्रि नगर ने तहरीद थी कि दुकान से अज्ञात व्यद्रि ने उसका मोबाइल रेड मी नोट 7 चोरी कर लिया है। जबकि एजाज नवी पुत्र आले नवी निवासी मौ. खालसा काशीपुर ने तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोरो ने उसके घर का ताला तोड़कर घर से लाखों का सारा सामान चोरी कर लिया। मामले में एफआईर दर्ज कर अनावरण के लिए टीम गठित की गयी। विवेचक चौकी प्रभारी बास्फौड़ान सुनील सुतेड़ी, उपनिरीक्षक मनोज जोशी चौकी प्रभारी टाण्डा उज्जैन को पुलिस टीम का प्रभारी बनाया गया।टीम ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर घटना की जांच पड़ताल शुरू की। इसी बीच चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने मुखविर की सूचना पर चार लोगों को कब्रिस्तान के पास लूट की योजना बना रहे मौ. फैजान पुत्र मौ. शकील निवासी मदीना मस्जिद के पीछे मौ. अल्लीखां काशीपुर, कामिल पुत्र मौ0 शरीफ निवासी साबरी के टाल के सामने मौ० अल्लीखां, अजय यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी यादव सभा मौ. कटरामालियान, हनी कश्यप पुत्र सुखदेव कश्यप निवासी अनीश पान वाली गली मौ. बासफौडान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चारों ने दुकान से मोबाइल चोरी एवं घर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर चोरी का एक इन्वटर,तीन स्टपलाईजर, एक बैटरा,एक




डीवीआर,एक एलईडी सैमसंग, दो अदद वाल फेन, एक लोहे का दरवाजा,न्यू कश्मीरी हाउदस के कुल 85 पाली बैग एक मोबाइल रेडमी 11 के अलावा दो तमंचे, दो जिन्दा कारतूस और दो अदद चाकू बरामद किये गये। गिरफ्तार किये गये आरोपी पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस उनकी कुंडली खंगाल रही है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल मनोज रतूड़ी, उपनिरीक्ष मनोज जोशी, उपनिरीक्षक सुनील सुतेड़ी, कपिल काम्बोज, दीपक जोशी, कांस्टेबल अनिल कुमार, तारा चन्द्र, कैलाश चन्द्र, जगदीश भट, सुरेन्द्र सिंह,हरजीत सिंह,निसार आदि शामिल रहे।

# सहोता अस्पताल के संचालक डा. गुरपाल सहोता की पत्नी का निधन

**काशीपुर।** सहोता अस्पताल के संचालक डा. गुरपाल सहोता की पत्नी का निधन हो गया। विगत 26 जुलाई को उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया था।आपको बता दें कि काशीपुर के जाने माने न्यूरो सर्जन एवं सहोता अस्पताल के संचालक डा. गुरपाल सहोता 26 जुलाई को अपनी पत्नी जगदीप सहोता, आइलेट्स संचालक मित्र प्रभपाल निज्जर व उनकी पत्नी तनवीर निज्जर के साथ जसपुर से अफजलगढ़ रोड पर जा रहे थे कि उनकी थार गाड़ी एक डंपर में जा घुसी थी। जिसके बाद जगदीप सहोता को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया था जहां आज उनकी मौत हो गई।



# गौलापार की सूखी नदी में जलस्तर बढ़ा

**◆ स्कूली बच्चों ने खतरे में पार की नदी**

हल्द्वानी। गौलापार की सूखी नदी में बारिश के चलते सोमवार दोपहर में जलस्तर बढ़ गया।विजयपुर गांव के स्कूली बच्चों ने जोखिम उठाते हुए परिजनों की मदद से नदी पार की। स्थानीय निवासी पंकज ने बताया कि दोहपर एक बजे सूखी नदी में जलस्तर रहा। सुबह से दोपहर तक आसमान में बादल छाए रहे और पहाड़ियों में कोहरा रहा। वहीं दोपहर में आधा घंटे तक बारिश हुई। इससे लोगों को दिक्कतों चलते लोगों और सैलानियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आधा घंटे के बाद मौसम फिर से सामान्य हो गया। शाम को चार बजे



बढ़ गया। इस बीच स्कूल से घर लौट रहे बच्चे परिजनों की मदद से नदी पार कर सके। एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरने से बचा। नदी में बारिश रुकने के बाद करीब तीन बजे जलस्तर कम हो गया। वहीं नैनीताल में सोमवार को दिन भर मौसम का मिजाज बदलता का सामना करना पड़ा।शहर और इसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार की सुबह से बादल छाए रहे जिसके चलते हल्की ठंड महसूस की गई। वहीं दोपहर तक बारिश न होने से लोगों को राहत मिली लेकिन दोपहर ढाई बजे से आधे घंटे तक बारिश हुई जिसके के बाद कुछ देर के लिए हल्की हल्की धूप खिली। जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी नवीन धुसिया ने बताया कि सोमवार को नैनीताल में अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है।

# चाकू के साथ दो दबोचे

**जसपुर।** एसएसपी के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम एवं इससे जुड़े लोगों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने दो युवकों से दो चाकू बरामद कर जेल भेजा है। बाजार पुलिस चौकी इंचार्ज कौशल भाकुनी ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस ने पतरामपुर रोड पायता मंदिर के पास दो संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवकों को रोकने का इशारा किया। दोनों युवक भागने लगे। जिन्हें पकड़कर नाम पता पूछा गया तो उनके द्वारा अपना नाम साहिल व सलमान निवासी गण मोहल्ला जुलाहान बताया। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।



# सैनिक परिवार ने भू माफियाओं के खिलाफ मोर्चा

## भू माफियाओं के साथ सांठगांठ कर अतिक्रमण करने का लगाया आरोप

**नैनीताल ।** हल्द्वानी जहां पूरा देश कारगिल दिवस मना रहा था वहीं दूसरी और हल्द्वानी के एक पूर्व सैनिक परिवार ने सूबे की धामी सरकार के अधिकारियों पर भू माफियाओं से सांठगांठ का आरोप लगाते हुए आगामी एक अगस्त से हल्द्वानी नगर निगम कार्यालय में आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी है पूरा मामला हल्द्वानी शहर के पटेल चौक के समीप सरकारी नजूल भूमि पर किए गए अतिक्रमण का है जहां सैनिक परिवारों ने आरोप लगाया है कि हल्द्वानी क्षेत्र में भू माफियाओं का खेल दिन-रात जारी है वही सरकारी नजूल की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर हल्द्वानी क्षेत्र के भू-माफिया लाखों रुपए कमा रहे हैं उनके इस धंधे में शामिल सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी मालामाल हो रहे हैं , वहीं शिकायतकर्ता पूर्व सैनिक का परिवार लगातार भू माफियाओं पर कार्रवाई की मांग कर रहा है लेकिन अधिकारी कार्रवाई के नाम पर मौन साधे हुए है जिस वजह से सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे पर कोई कार्यवाही न होने से तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सरकारी नजूल की भूमि पर भू माफियाओं ने तीन मंजिला इमारत खड़ी कर दी है जिसे वह धीरे-धीरे बेच रहे हैं । उक्त इमारत में एक होटल भी संचालित है जो अपने आप में सवाल खड़ा कर रहा है वही भू माफियाओं के इस गिरोह का सरगना हल्द्वानी क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है जिसे नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारी का खुला संरक्षण प्राप्त है।बताते चले कि यूं तो सूबे में भाजपा सरकार आने के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा सरकारी नजूल और धार्मिक स्थलों की जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्यवाही की थी जो आज भी जारी है लेकिन सरकार की कार्यवाही हल्द्वानी में दम तोड़ती नजर आ रही है क्योंकि मामला रसूखदारों से जुड़ा है जिन्होंने मोटी पकड़ के चलते हल्द्वानी शहर के पटेल चौक समीप सरकारी नजूल की भूमि पर अवैध तीन मंजिला इमारत का निर्माण कर डाला है । मुख्यमंत्री धामी से लेकर कुमाऊँ कमिश्नर के आदेशों के बावजूद भू माफिया का होटल नजूल की भूमि पर संचालित है साथ ही भू माफियाओं ने बिना प्राधिकरण के नक्शा पास करवायें इमारत का निर्माण कर डाला है जो जिसकी खुलेआम बिक्री की जा रही है ।इधर-शिकायतकर्ता पूर्व सैनिक के परिवार ने नगर निगम के अधिकारियों पर सांठगांठ का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा लगातार बीते 3 वर्षो से नजूल की भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है । उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही लेकर कई बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लेकर कुमाऊं कमिश्नर से मिल चुके हैं लेकिन उन द्वारा दिए गए आदेश के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है । सैनिक परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कार्रवाई नहीं होती है तो हल्द्वानी निगम कार्यालय में उनके संपूर्ण परिवार द्वारा आमरण अनशन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।इधर ,सुराज सेवा दल ने पीड़ित परिवार का समर्थन करते हुए कहा कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सुराज सेवा दल भी एक अगस्त से पीड़ित परिवार के साथ आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# जुगाड़ वाहनों पर अब होगी सख्त कार्यवाही

## सामान देने वाले दुकानदारों पर भी होगा मुकदमा

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में जुगाड़ नामक वाहन आतंक मचाते हुए नजर आते हैं क्योंकि मोटरसाइकिल को काटकर उसके पीछे एक बुग्गी जोड़ दी जाती है और जिसमें सीमेंट सरिया ईट आदि ऐसे सामान ढोए जाते हैं जिनसे दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है अब परिवहन विभाग ऐसे वाहनों पर सख्ती करने जा रहा है परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि जो ऐसे वाहन है जो की बाइकों को काटकर पीछे बुग्गी जोड़कर बनाए जाते हैं और उनको यह लोग रेडा बोलते हैं ऐसे वाहन अक्सर हादसे का शिकार होते हैं अब इन पर सख्ती बढ़ती जाएगी और ऐसे वाहनों को सीज किया जाएगा इतना ही नहीं ऐसे वाहनों को लोडिंग के रूम में सामान देने वालों पर भी अब परिवहन विभाग मुकदमा दर्ज करेगा परिवहन विभाग के अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि जो ऐसे दुकानदार हैं चाहे वह सीमेंट विक्रेता है या फिर अन्य सामान बेचने वाले हैं यदि ऐसे अनाधिकृत वाहनों पर सामान लोड करवा आएंगे तो दुकानदारों पर भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## नेपाल के राजनेताओं का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा उत्तराखंड

**रुद्रपुर ।** नेपाल के राजनेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तराखंड पहुंचा है। उत्तराखंड की यात्रा में पहले दिन नेपाली राजनेताओं के प्रतिनिधि मंडल दल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उनसे प्रदेश की योजनाओं और केंद्र सरकार के किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की।मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बताया कि नेपाल और भारत मित्र राष्ट्र हैं। नेपाल के प्रतिनिधि मंडल दल के साथ उत्तराखंड को लेकर विस्तृत चर्चाएं हुईं। भारत के विकास के साथ नेपाल कैसे सहभागी हो सकता है इससे संबंधित कई योजनाओं पर भी चर्चाएं हुईं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बताया कि नेपाली प्रतिनिधिमंडल दल ने उन्हें नेपाल के लिए भी आमंत्रित किया है।

# जिला योजना केअन्तर्गत वित्तीय वर्ष2023–24 के लिए 6234.48 लाख रुपये स्वीकृत

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों का आंकलन करने आयेगी केन्द्रीय टीमः महाराज

**हरिद्वार।** प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, लघु सिंचाई, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, संस्कृति, जलागम प्रबंधन एवं भारत-नेपाल उत्तराखंड नदी परियोजना मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को मेला नियंत्रण भवन (सी0सी0आर0) में जिला योजना समिति की बैठक आयोजित हुई। प्रभारी मंत्री ने बताया कि वार्षिक जिला योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद हरिद्वार का परिव्यय 6234.48 लाख रुपये अनुमोदित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में जनपद का अनुमोदित परिव्यय 4942.00 लाख रुपये था। इस प्रकार विगत वर्ष के सापेक्ष जनपद हरिद्वार के परिव्यय में 26.15 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने वार्षिक जिला योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के सम्बन्ध में विस्तार से बताते हुये कहा कि सामान्य मद में 4903.48 लाख रूपये, अनुसूचित जाति मद में 1300.00 लाख रूपये एवं अनुसूचित जनजाति मद में 31.00 लाख निर्धारित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत धनराशि पुराने चालू कार्यों/वचनबद्ध मदों/चालू मदों में खर्च होगी तथा कुल परिव्यय का लगभग 15 प्रतिशत कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित रेखीय विभागों तथा शेष लगभग 50 प्रतिशत धनराशि नवीन कार्यों, जीर्णोद्धार/सुदृढ़ीकरण एवं अनुरक्षण के कार्यों में खर्च की जायेगी। आपदा का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि जनपद हरिद्वार के कई क्षेत्र अतिवृष्टि की वजह से आपदा प्रभावित क्षेत्र बन चुके हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री से सलाह परामर्श कर आपदा राहत के लिए कार्य किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपदा प्रभावित क्षेत्रों का आकलन करने के लिये एक केन्द्रीय टीम भी यहां आ रही है। जगह-जगह हो रहे जल भराव का उल्लेख करते हुये कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बहुत से नाले पहले उत्तर प्रदेश के पास थे, लेकिन अब वे उत्तराखण्ड के अधीन हैं, ऐसे नालों आदि की सफाई के लिये एक ड्रेनेज विभाग सृजित करने के लिये प्रस्ताव लाया जायेगा।जिला योजना समिति की बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने विभिन्न विभागों-कृषि, उद्यान एवं भेषज, गन्ना विकास, पशु पालन, दुग्ध, मत्स्य, सहकारिता, रेशम, वानिकी, सामुदायिक विकास, सिंचाई, सिंचाई नलकूप, लघु सिंचाई, वैकल्पिक ऊर्जा,(उरेडा), लोक निर्माण, सूचना, माध्यमिक शिक्षा, खेलकूद, युवा कल्याण, होम्योपैथिक चिकित्सा, एलोपैथिक चिकित्सा, पंचायती राज विभाग, जल संस्थान, पेयजल निगम, पर्यटन, अर्थ एवं संख्या, लघु उद्योग विभाग आदि को कितना बजट प्रस्तावित किया जा रहा है, प्रस्तावित धनराशि से कौन-कौन से कार्य किये जायेंगे तथा इनसे कितने व्यक्ति आदि लाभान्वित होंगे, के सम्बन्ध में विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन जनपद प्रभारी मंत्री ने किया।

## सेफ्टी ऑडिट में निकले खतरे की जद में प्रदेश के 86 पुल

**रुद्रपुर।** उत्तराखंड की सड़कों पर सफर करना जानलेवा साबित हो सकता है, पुल सेफ्टी आडिट की एक रिपोर्ट इस बात की ओर इशारा कर रही है। वहीं रिपोर्ट को आधार मानते हुए उत्तराखंड सरकार ने इन पुलों में से अत्यधिक खतरनाक पूलों पर तत्काल यातायात रोकने के निर्देश दे दिए हैं।आपको बता दें कि मीडिया से बात करते हुए मुख्य अभियंता नेशनल हाईवे व वर्तमान कार्यवाहक प्रमुख अभियंता पीडब्ल्यूडी दयानंद ने बताया कि उत्तराखंड में पीडब्ल्यूडी के अधीन पूलों की संख्या 3262 है जिसका मानसून से पहले निरीक्षण किया जाता है वही पूलों की चेकिंग के दरमियान वर्तमान में 86 पूल ऐसे पाए गए हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है या थर्ड पार्टी से चेक करा कर उनको सुरक्षित बनाए जाने की आवश्यकता है। वहीं पूल सेफ्टी आडिट में असुरक्षित पाए गए पुलों में देहरादून जिले में 13, चमोली 9, उत्तरकाशी 6, टिहरी 7, समेत कई जगह पुल असुरक्षित स्थिति में है।




## बाइक में लगी आग , ना मालिक का पता ,न आग लगाने वाले का पता



नैनीताल। नैनीताल के आलूखेत गाँव में मंगलवार की सुबह बाइक जली हालत में मिली।लेकिन यह पता नहीं लग पाया कि बाइक में आग किसने लगायी और बाइक का मालिक कौन है ।इस घटना से स्थानीय लोग चिंतित हैं, क्योंकि स्थानीय लोगों के कई वाहन उस मार्ग में खड़े रहते हैं।

# ट्रक के टायर फटने से नाबालिग युवक की दर्दनाक मौत, परिजनों में मचा कोहराम





**बाजपुर।** केलाखेड़ा क्षेत्र में एक दुखद हादसा देखने को मिला जहां ट्रक का पंचर लगाते समय टायर फटने से पंचर लगा रहे नाबालिग युवक की दर्दनाक मौत हो गई जवान बेटे की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार केलाखेड़ा के फिदानगर निवासी फारूख (16) इकबाल अपने घर के बाहर स्थित टायर पंक्चर की दुकान में ट्रक के टायर का पंक्चर लगा रहा था कि अचानक टायर में हवा का प्रेशर अधिक होने के कारण टायर तेज धमाके के साथ फट गया और पंक्चर लगा रहा फारूख करीब 5 फिट दूर जा गिरा। धमाके के आवाज सुन पहुंचे परिजन आनन फानन में ही गंभीर घायल हुए फारूख को उपचार के लिये काशीपुर अस्पताल लेकर गये लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में ही जैसे मौत की खबर पहुंची वहां भी मातम छा गया। वहीं केलाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि ट्रक का टायर फटने से एक युवक की मौत हुई है लेकिन अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर आने के बाद कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# सब्जियों की कीमत छू रही आसमान

## लोगों की थाली से सब्जियां गायब

**हरिद्वार।** प्रदेश मे मूसलाधार बारिश के चलते हरिद्वार जिले में आई बाढ़ से जहां सभी वर्गो के लोगों को भारी नुकसान की मार झेलनी पडी है तो वहीं अब लोगों को घरो में रोजाना खाने पीने वाली वस्तुओं और हरी सब्जियों के दामों की भी मार को झेलना पड़ रहा है लोग महंगाई से त्राहिमाम त्राहिमाम कर रहे हैं।बता दे हरिद्वार के लक्सर आई बाढ़ के बाद हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं बुधवार को लक्सर के बसेड़ी गांव में लगने वाले पीठ बाजार में सब्जी खरीदने आए लोगों ने बताया पीठ बाजार में कोई भी सब्जी सस्ती नहीं हैं टमाटर 160 रूपये किलो है तो गोभी 100 रुपए किलो, लौकी 50 रुपये किलो है तो बैंगन और तोरी 80, अस्सी, रुपये किलो गरीब आदमी इतनी महंगाई में क्या खाएगा लोगों का कहना है एक तो वह पहले ही बाढ़ से पीड़ित है ऊपर से और उन्हें अब महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए जिससे गरीब आदमी को भरपेट खाना मिल सके।वही हमने महंगाई को लेकर पीठ बाजार में दुकानदारों से बात की तो उनका कहना है बारिश के कारण फसलें नष्ट हो चुकी है जिसके कारण सब्जियां कम आ रही हैं जिस भाव उन्हें ऊपर मंडी से मिल रही है उसी के हिसाब से वह बाजार में बेच रहे हैं।

## जैनसभा में होगा भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

**काशीपुर।** आगामी 3 अगस्त से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। मानपुर रोड पालीटेक्निक के समीप स्थित जैन सभा में शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक प्रतिदिन आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत दोपहर दो बजे से जैन सभा के पीछे स्थित श्री वैष्णो देवी माता मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। पं. कमल कुमार शर्मा ने समस्त भागवत प्रेमियों से आग्रह किया है कि वह भव्य कलश यात्र में सम्मिलित रहने के साथ ही कथा व्यास परम पूज्य श्री रविशंकर जी (ऋगिऋषि) महाराज के मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत कथा सुनने को आयोजन स्थल पर पहुंच कर स्थान ग्रहण करें।

# वांछित गोकशी का मुलजिम गिरफ्तार

**किच्छा।** आज मुकदमा एफ.आई.आर. नंबर 492 /2022 धारा 3/11 (1( उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम व धारा 11घ पशु क्रूरता अधिनियम में वर्ष 2022 से वांछित चल रहा 'अभियुक्त हैदर अली पुत्र कमाल शाह निवासी कुरैय्या पोस्ट दरउ थाना किच्छा जिला उधम सिंह नगर उम्र 33 वर्ष' को गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय से दिनांक 28/04 /2023 'गैर जमानती वारंट' (nbw) निष्पादित करवाया गया था अभियुक्त लगातार अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था जिस कारण अभियुक्त के विरुद्ध दिनांक 23/06/ 2023 को धारा '82 सीआरपीसी' के तहत उद्घोषणा पत्र जारी करवाया गया था तथा दिनांक 25/07/23 को 'धारा 83 सीआरपीसी' के तहत कुर्की वारंट जारी करवाया गया था। आज दिनांक को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त हैदर उपरोक्त को कुरैय्या से गिरफ्तार किया गयाहै अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

आवाज़ 24X7 इंडिया
हिन्दी साप्ताहिक
संपादक, स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **सुनील मेहता** द्वारा **चौहान प्रिन्टिंग प्रेस,** चौहान भवन, सिंह कालोनी, रुद्रपुर जिला ऊधम सिंह नगर से मुद्रित एवं ए-2 प्रथम तल 102 मॉडल कालोनी गली-3 रूद्रपुर जिला-ऊधमसिंह नगर से प्रकाशित।
Phone No: 05944-796496/9411508888
E-mail : awaaz24x7@gmail.com
Website: www.awaaz24x7.com
समस्त वादों का निस्तारण रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होगा।